# समाचार

## सुशासन तिहार 2025

# निगम कार्यालय साकेत एवं सभी जोन कार्यालयों में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक संचालित होगा सुशासन तिहार

## (आमनागरिकों से उनकी समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो से संबंधित आवेदन जमा कराए जाएंगे )




कोरबा 05 अप्रैल 2025 – प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन एवं सभी 07 जोन कार्यालयों में सुशासन तिहार 2025 का संचालन कर 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक इन सभी स्थानों में आमनागरिकों से उनकी समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो के संबंध में आवेदन जमा कराए जाएंगे।

राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप सुशासन तिहार 2025 का आयोजन तीन चरणों में किया जाएगा, पहले चरण में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल 2025 तक आमजनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा, वहीं तीसरे एवं अंतिम चरण में 05 मई से 21 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन होगा। शासन के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य कार्यालय साकेत भवन एवं कोरबा, टी.पी.नगर, कोसाबाड़ी, पं.रविशंकर शुक्ल नगर, बालको, दर्री व सर्वमंगला नगर जोन में सुशासन तिहार 2025 के तहत आमनागरिकों से उनकी समस्याओं व मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यो

के संबंध में 08 अप्रैल से 11 अप्रैल तक कार्यालयीन समय प्रातः 10 बजे से सायं 05 बजे तक आवेदन पत्र लिए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने इस हेतु उक्त सभी स्थानों में आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश देते हुए संबंधित जोन कमिश्नरों एवं अधिकारी कर्मचारियों को उनके दायित्व सौपे हैं। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि वे त्रुटिरहित रूप से उन्हें सौपे हुए दायित्वों का निर्वहन किया जाना सुनिश्चित करें।